# विराम चिह्नों का प्रयोग

**1. दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

जब एक ही शब्द की आवृत्ति एकाधिक बार हो अर्थात् किसी शब्द की पुनरुक्ति हो तो योजक चिह्न लगाया जाना चाहिए। जैसे–दौड़ो-दौड़ो, भागो-भागो। समानार्थी शब्द एक साथ हों तो योजक चिह्न लगाया जाना चाहिए। जैसे–लाल-सुर्ख, चिट्ठी-पत्री आदि।

**2. किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है?**

(a) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।
(b) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।
(c) सुनो! सुनो! वह गा रही है।
(d) प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सा. चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(*)**

विकल्प (c) में उचित विराम चिह्न का प्रयोग नहीं हुआ है। इसका शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा–सुनो, सुनो वह गा रही है। विकल्प (a) में प्रस्तुत वाक्य में भी विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है। इसका सही प्रयोग इस प्रकार होगा–मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ; उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।

**3. जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले; विचार के तार टूट जाएँ, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(a) योजक (b) अल्पविराम
(c) उद्धरण चिह्न (d) पूर्ण विराम

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले; विचार के तार टूट जाएँ, वहाँ 'पूर्ण विराम' (।) चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

**4. शुद्ध वाक्य चुनिए- (विराम चिह्न)**

(a) आप शायद पटना के रहने वाले हैं।
(b) आप शायद पटना के रहने वाले है।
(c) "आप शायद पटना के रहने वाले हैं"
(d) आप शायद पटना के रहने वाले हैं?

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त वाक्यों में 'आप शायद पटना के रहने वाले हैं? वाक्य सही है। जहाँ स्थिति निश्चित न हो वहाँ वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग करते हैं।

**5. (" ") किस विरामचिह्न का द्योतक है–**

(a) कोष्ठकचिह्न (b) उद्धरणचिह्न
(c) पुनरुक्तिसूचकचिह्न (d) विवरणचिह्न

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b&c)**

उद्धरणचिह्न के दो रूप हैं–इकहरा (' ') और दुहरा (" ")। जहाँ किसी पुस्तक से कोई वाक्य या अवतरण ज्यों-का-त्यों उद्धृत किया जाय, वहाँ दुहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग होता है और जहाँ कोई विशेष शब्द, पद, वाक्य, खण्ड इत्यादि उद्धृत किये जायें वहां इकहरे उद्धरण चिह्न लगते हैं। जैसे-दुहरा उद्धरण चिह्न–"जीवन विश्व की सम्पत्ति है।" जयशंकर प्रसाद। इकहरा उद्धरण चिह्न- 'कामायनी की कथा संक्षेप में लिखिए'। पुनरुक्तिसूचकचिह्न (......,......,......) का प्रयोग किसी बात को दोहराने के लिए किया जाता है जैसे–
रमेश कुमार, कक्षा सातवीं
राजेश ,, ,, ,,
उपर्युक्त प्रश्न में दिए गए विराम चिह्न के प्रश्न-पत्र में मुद्रण की अस्पष्टता के कारण यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि यह उद्धरण चिह्न है या पुनरुक्तिसूचक चिह्न। UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) 'पुनरुक्तिसूचक' चिह्न माना है।

**6. = विराम चिह्न प्रयुक्त होता है-**

(a) विवरण चिह्न (b) तुल्यतासूचक
(c) लाघव चिह्न (d) संयोजक चिह्न

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

तुल्यतासूचक विराम चिह्न = है। विवरण चिह्न :- है।

**7. निम्न में से कौन विराम चिह्न का प्रकार नहीं है?**

(a) निर्देशक (b) लाघव
(c) उपदेशक (d) विवरण

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

उपदेशक, विराम चिह्न का प्रकार नहीं है। निर्देशक, लाघव, विवरण आदि विराम चिह्न के प्रकार हैं। निर्देशक चिह्न (–) का प्रयोग संकेत के लिए होता है। विवरण चिह्न (:-) का प्रयोग विवरण देने के लिए किया जाता है। लाघव चिह्न (.) का प्रयोग शब्द का संक्षिप्त रूप दिखाने के लिए किया जाता है।

# मुहावरें/लोकोक्तियां

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 1-5)—प्रत्येक कहावत के लिए चार-चार समानार्थक वाक्यांश दिए गए हैं। उनमें से सही उत्तर के रूप में विकल्प का चयन कीजिए और उत्तर-पत्र पर चिह्न लगाइए।**

1. **पत्थर को जोंक नहीं लगती-**

(a) सबल का शोषण नहीं होता
(b) मजबूत चीज आसानी से खराब नहीं होती
(c) दो धूर्तों में प्रायः टकराव नहीं होता
(d) हठी पर कोई प्रभाव नहीं होता

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

पत्थर को जोंक नहीं लगती कहावत का तात्पर्य है कि निर्मम व्यक्ति पर कोई असर नहीं पड़ता। विकल्प में उचित उत्तर न होने के कारण निकटस्थ उत्तर विकल्प (d) माना जा सकता है।

2. **विहंगम दृष्टि-**

(a) गहरी नज़र (b) तीखी नज़र
(c) मंद नज़र (d) सरसरी नज़र

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

विहंगम दृष्टि कहावत का अर्थ है- सरसरी नज़र।

3. **काटो तो खून नहीं-**

(a) पीड़ा शांत हो जाना
(b) बिल्कुल निर्जीव हो जाना
(c) भय के कारण स्तब्ध हो जाना
(d) गुस्सा शांत हो जाना

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

काटो तो खून नहीं कहावत का अर्थ है- भय के कारण स्तब्ध हो जाना।

4. **एक आँख न भाना-**

(a) उपेक्षा करना (b) विरक्त होना
(c) तटस्थ होना (d) बिल्कुल अच्छा न लगना

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

एक आँख न भाना कहावत का अर्थ है- बिल्कुल अच्छा न लगना।

5. **उँगली उठाना-**

(a) क्षमा माँगना
(b) अपना महत्त्व व्यक्त करना
(c) दोष की ओर संकेत करना
(d) अस्वीकार करना

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

उँगली उठाना कहावत का अर्थ है- दोष की ओर संकेत करना।

6. **नीचे लोकोक्तियाँ और उनके अर्थ दिए गए हैं। इनमें गलत अर्थ वाली लोकोक्ति का चयन कीजिए।**

(a) आगे नाथ न पीछे पगहा–बन्धनहीन
(b) तीन तेरह होना–संगठित होना
(c) एक टकसाल के ढले हैं–सब एक जैसे हैं
(d) आँख के अन्धे गाँठ के पूरे–मूर्ख लेकिन धनवान

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

'तीन तेरह होना' लोकोक्ति का अर्थ 'भाग जाना' होता है न कि 'संगठित होना'।

7. **'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है—**

(a) फूल की तरह खिलना (b) अति प्रसन्न होना
(c) दुर्लभ वस्तु (d) सुगन्धित होना

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

'गूलर का फूल होना' लोकोक्ति का सही अर्थ है – 'दुर्लभ वस्तु'।

8. **'खाला का घर' का अर्थ है-**

(a) आसान काम (b) मौसी का घर
(c) विषम परिस्थिति (d) इनमें से कोई नहीं

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

'खाला का घर' का अर्थ होता है- बहुत सहज या सुगम समझना अर्थात् आसान काम।

9. **निम्न मुहावरे का अर्थ है -**
**'इलायची बाँटना'**

(a) धोखा देना (b) दावत देना

(c) प्रभावित करना (d) अपर्याप्त वस्तु होना

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

'इलायची बाँटना' मुहावरे का अर्थ 'दावत देना' होता है।

**10. 'बछिया का ताऊ' का अर्थ है -**

(a) कामचोर व्यक्ति

(b) साहसी व्यक्ति

(c) अत्यधिक मूर्ख व्यक्ति

(d) अत्यधिक रौबदार व्यक्ति

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

'बछिया का ताऊ' मुहावरे का अर्थ ' अत्यधिक मूर्ख व्यक्ति' होता है।

**11. अन्धेर नगरी का अर्थ है—**

(a) राज्यविहीन स्थान (b) अन्याय की जगह

(c) जहाँ अन्धेरा हो (d) सुनसान जगह

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

अन्धेर नगरी का अर्थ है—अन्याय की जगह।

**12. गंदला, मैला, मलिन किस शब्द के पर्यायवाची हैं?**

(a) प्रलय (b) धवल

(c) पंकिल (d) पामर

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

गंदला, मैला, मलिन, 'पंकिल' शब्द के पर्यायवाची हैं। धवल के पर्यायवाची हैं- सफेद, उजला, श्वेत, शुभ्र, गौर, उज्ज्वल आदि। पामर के पर्यायवाची हैं- खल, दुष्ट, अधम, नीच, शठ, दुर्जन, कुटिल, धूर्त आदि।

**13. निम्नलिखित में से क्या 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) मंदाकिनी (b) भागीरथी

(c) कालिन्दी (d) सुरसरिता

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

गंगा का पर्यायवाची है - मंदाकिनी, भागीरथी, सुरसरिता, देवनदी, सुरसरि, देवसरि, देवापगा, जाह्नवी, विष्णुपदी आदि।
यमुना का पर्यायवाची है - कालिन्दी, अर्कजा, रवितनया, कृष्णा, कालगंगा, जमुना, यमभगिनी आदि।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 14-19)—मुहावरों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

**14. 'कूप मंडूक होना' का अर्थ है-**

(a) कुएँ में गिरना (b) मूर्ख होना

(c) मात देना (d) सीमित ज्ञान या सीमित अनुभव होना

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

'कूप मंडूक होना' मुहावरे का अर्थ है 'सीमित ज्ञान या सीमित अनुभव होना'।

**15. 'द्रोपदी का चीर' का अर्थ है -**

(a) नारी का अपमान करना (b) शर्मनाक कार्य

(c) कभी समाप्त न होना (d) सुन्दर स्त्री

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

'द्रोपदी का चीर' मुहावरे का अर्थ है 'कभी समाप्त न होना' होता है।

**16. 'अन्धे को दीपक दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिये-**

(a) अन्धे का रास्ता रोशन करना

(b) ना समझ को उपदेश देना

(c) ना समझ को रोशनी देना

(d) अन्धे की सहायता करना

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

'अन्धे को दीपक दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ है 'ना समझ को उपदेश देना'।

**17. 'चौकड़ी भूल जाना' मुहावरे का अर्थ है—**

(a) राह न सूझना (b) बराबर बात बदलना

(c) पीछा छुड़ाना (d) ढांढस बँधाना

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

'चौकड़ी भूल जाना' मुहावरे का अर्थ 'राह न सूझना'/'अक्ल काम न करना'/'घबरा जाना' होता है।

**18. 'जस दूलह तस बनी बराता' कहावत का अर्थ है—**

(a) अपनी योग्यता से अधिक बातें करना

(b) जैसे खुद, वैसे साथी

(c) किसी की चाल को अच्छी तरह जानना

(d) अच्छे-बुरे को एक समझना

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

'जस दूलह तस बनी बराता' कहावत का अर्थ 'जैसे खुद, वैसे साथी' होता है।

19. 'शैतान की आँत'—इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है—

(a) अत्यन्त धूर्त व्यक्ति (b) बहुत लम्बी वस्तु

(c) अत्यन्त नगण्य वस्तु (d) अत्यन्त लाभदायक वस्तु

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

उत्तर—(b)

'शैतान की आँत'—इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ 'बहुत लम्बी वस्तु' है।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 20-21)—नीचे दिए गए मुहावरों/लोकोक्तियों के चार-चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं। उनमें से सही अर्थ का चयन कर उसे चिह्नित करें।**

20. मुँह की खाना

(a) हार जाना (b) गिर पड़ना

(c) भोजन खा लेना (d) भाग जाना

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

उत्तर—(a)

मुँह की खाना मुहावरा का अर्थ हार जाना होता है। हालांकि डॉ. वासुदेवनंदन प्रसाद अपनी पुस्तक आधुनिक हिन्दी व्याकरण और रचना में 'मुँह की खाना' मुहावरा का अर्थ 'बुरी तरह हारना' माना है।

21. डपोरशंख

(a) बहुत बड़ी गिनती (b) भारतीय शंख

(c) विशेष तरह का शंख (d) बे सिर-पैर की बातें करने वाला

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

उत्तर—(d)

डपोरशंख मुहावरा का अर्थ बे सिर-पैर की बातें करने वाला होता है। डॉ. राजेंद्र मोहन भटनागर अपनी हिन्दी शब्दकोश पुस्तक में इसका अर्थ शेखी मारने वाला, बड़े डीलडौल वाला तथा जड़मूर्ख बताया है।

22. 'पानी पीकर जात पूछना' का अर्थ है-

(a) अनोखा काम करना

(b) विपरीत काम करना

(c) काम निकलने के बाद सोचना

(d) आराम से विचार करना

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II परीक्षा, 2016**

उत्तर—(c)

'पानी पीकर जात पूछना' मुहावरा का अर्थ काम निकलने के बाद सोचना होता है।

23. 'अंडे का शहजादा' का अर्थ है-

(a) कमजोर व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति

(c) अनुभवी व्यक्ति (d) अनुभवहीन व्यक्ति

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II परीक्षा, 2016**

उत्तर—(d)

'अंडे का शहजादा' कहावत का अर्थ अनुभवहीन व्यक्ति है। लोकोक्ति के पीछे कोई कहानी या घटना होती है। उससे निकली बात बाद में लोगों की जुबान पर जब चल निकलती है तो उसे 'लोकोक्ति' कहा जाता है।

24. "बैल न कूदे, कूदे तंगी" - कहावत का अर्थ है -

(a) वीरता पर विश्वास होना

(b) गड्ढे में कूदना

(c) साहसिक कार्य करना

(d) स्वामी के बल पर सेवक का साहस

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा, 2016**

उत्तर—(d)

"बैल न कूदे, कूदे तंगी" - कहावत का अर्थ है - स्वामी के बल पर सेवक का साहस।

25. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ है-

(a) शत्रु होना (b) नाक में बीमारी होना

(c) अकारण प्रिय होना (d) दरियादिल होना

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा, 2016**

उत्तर—(c)

'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ अतिशय या अधिक प्यारा होना होता है किन्तु उचित विकल्प न होने के कारण विकल्प (c) अर्थात् अकारण प्रिय होना निकटतम उत्तर माना जा सकता है।

26. "अक्ल का दुश्मन" मुहावरे का अर्थ है-

(a) मित्र (b) महापंडित

(c) महामूर्ख (d) शत्रु

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

उत्तर—(c)

"अक्ल का दुश्मन" मुहावरे का अर्थ महामूर्ख होता है।

27. "खग जाने खग की भाषा" लोकोक्ति का उचित अर्थ, नीचे दिए विकल्पों में से बताइए।

(a) पक्षियों की तरह बोलना

(b) पक्षियों की भाषा न जानना

(c) पक्षी अपनी भाषा स्वयं समझते हैं

(d) समान प्रवृत्ति वाले लोग एक-दूसरे को सराहते हैं

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

'खग जाने खग की भाषा' लोकोक्ति का उचित अर्थ है- समान प्रवृत्ति वाले लोग एक-दूसरे को सराहते हैं।

**28. 'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?**

(a) बहुत निपुण बनना

(b) साधन न होने पर भी काम कर लेना

(c) सर्वथा अयोग्य

(d) योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी भरना

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी भरना।

**29. 'तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ-**

(a) तीनों लोकों में मथुरा न होना।

(b) सबसे निराला।

(c) मथुरा का बखान तीनों लोकों में है।

(d) बहुत सुन्दर मथुरा का होना।

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

'तीन लोक से मथुरा न्यारी' का अर्थ है- सबसे निराला।

**30. 'कट जाना' मुहावरे का अर्थ क्या होता है?**

(a) शर्मिंदा होना (b) टुकड़ों में बंटना

(c) विभाजित करना (d) आँखें चुराना

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

'कट जाना' मुहावरे का अर्थ शर्मिंदा होना है। तेरा मुँहतोड़ जवाब सुनकर वह कट गया।

**31. 'आठ कनौजिया नौ चूल्हे' लोकोक्ति का अर्थ क्या होता है?**

(a) मस्त रहना (b) फाँका करना

(c) अलगाव की स्थिति (d) संपन्नता की स्थिति

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

'आठ कनौजिया नौ चूल्हे' का अर्थ है- अलगाव की स्थिति। दोनों सगे भाइयों के परिवार में आपस में बैर है जैसे आठ कनौजिया नौ चूल्हे।

**निर्देश : प्रश्न संख्या 32 और 33 में, लिखित लोकोक्तियों/मुहावरों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।**

**32. ''काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती''**

(a) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते

(b) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता

(c) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है

(d) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती

**राजस्व लेखपाल (प्रथम पाली) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

''काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती'' मुहावरे का अर्थ 'छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता' होता है।

**33. ''खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे''**

(a) कायरतापूर्ण व्यवहार करना

(b) किसी बात पर शर्मिन्दा होकर क्रोध करना

(c) अपनी शर्म छिपाने के लिए व्यर्थ झुंझलाना

(d) अपने से बड़ों पर क्रोध करना

**राजस्व लेखपाल (प्रथम पाली) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

''खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे'' लोकोक्ति का अर्थ 'अपनी शर्म छिपाने के लिए व्यर्थ झुंझलाना' होता है।

**निर्देश : प्रश्न संख्या 34 और 35 में, लिखित लोकोक्तियों/मुहावरों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।**

**34. 'ऊँट के मुँह में जीरा'**

(a) बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम देना

(b) जानवर को दवाई देना

(c) बड़े प्राणी को सान्त्वना देना

(d) बहुत बड़े प्राणी का भोजन बनना

**राजस्व लेखपाल (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

'ऊँट के मुँह में जीरा' लोकोक्ति का अर्थ 'बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम' देना होता है।

**35. 'जूते चाटना'**

(a) इधर-उधर घूमना

(b) घूस देना

(c) जूतों को चमकदार बनाना

(d) खुशामद करना

**राजस्व लेखपाल (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

'जूते चाटना' मुहावरे का अर्थ 'खुशामद करना' होता है।

# अनुवाद : समतुल्य शब्द चयन, वाक्यांश का अर्थ

1. हिन्दी भाषा की कितनी विख्यात बोलियाँ हैं?
   (a) चार (b) दस
   (c) आठ (d) पाँच

UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर–(d)

मारवाड़ी, कौरवी, ब्रजभाषा, अवधी और भोजपुरी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ है। अत: स्पष्ट है कि हिन्दी भाषा की पाँच विख्यात बोलियाँ हैं।

2. हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ कौन-सा है?
   (a) सतसई
   (b) रामलला नहछू
   (c) पृथ्वीराज रासो
   (d) आल्हा उदल

UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016

उत्तर–(c)

हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ पृथ्वीराज रासो है जो चन्दवरदाई द्वारा लिखा गया है।

3. मिथिलेश कुमारी किन्हें कहते हैं?
   (a) राधा (b) सीता
   (c) सत्यभामा (d) द्रौपदी

UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015

उत्तर–(b)

मिथिलेश कुमारी मिथिला के राजा जनक की पुत्री अर्थात् सीता को कहा जाता है। इनके पर्याय हैं- सीता, वैदेही, जानकी, जनक सुता, भूमिजा, राम प्रिया इत्यादि।

4. 'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है–
   (a) किसी वस्तु की आभा
   (b) किसी वस्तु का बाहरी भाग
   (c) किसी वस्तु से भिन्न
   (d) किसी वस्तु का भीतरी भाग

UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016

उत्तर–(d)

'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है – 'किसी वस्तु का भीतरी भाग'।

5. 'कीर' शब्द का अर्थ है -
   (a) कील (b) कीड़ा
   (c) तोता (d) हाथी

UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(c)

'कीर' शब्द का अर्थ 'तोता' है। कीर के अन्य अर्थ – बहेलिया, कश्मीर देश का एक नाम तथा कश्मीर का निवासी भी होता है।

6. 'शकल' का अर्थ है-
   (a) सम्पूर्ण
   (b) टुकड़ा
   (c) कलसहित
   (d) आकृति

UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)

'शकल' शब्द का अर्थ 'टुकड़ा' होता है जबकि 'सकल' का अर्थ 'सम्पूर्ण' होता है।

7. 'अशित' का अर्थ है -
   (a) काला
   (b) खाया हुआ
   (c) जो ठंडा न हो
   (d) जिसे सींचा न जा सके

UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर–(b)

'अशित' का अर्थ 'खाया हुआ' जबकि 'असित' का अर्थ 'काला' होता है।

**8. आंचलिक रचनाएँ किससे संबंधित होती हैं?**

(a) देश विशेष से

(b) क्षेत्र विशेष से

(c) जाति विशेष से

(d) लोक विशेष से

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

आंचलिक रचनाएँ क्षेत्र विशेष से संबंधित होती हैं। इन रचनाओं में क्षेत्र विशेष की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक जीवन के साथ-साथ बोली, संस्कृति आदि का वर्णन किया जाता है। फणीश्वरनाथ रेणु, नागार्जुन आदि प्रमुख आंचलिक रचनाकार हैं। 'मैला आंचल' प्रसिद्ध आंचलिक उपन्यास है।

**9. बेमेल शब्द का चयन कीजिए–**

(a) आभूषण (b) अलंकार

(c) जेवर (d) नागर

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त विकल्पों में बेमेल शब्द 'नागर' है जबकि आभूषण, अलंकार एवं जेवर समानार्थी हैं।

**10. 'वलय' शब्द का अर्थ चिह्नित कीजिए।**

(a) वृक्ष की छाल

(b) गोलाकार घेरा

(c) मृग छाल

(d) आवरण

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

'वलय' शब्द का अर्थ है- गोलाकार घेरा।

**11. हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?**

(a) मागधी (b) शौरसेनी

(c) ब्राचड़ (d) अर्द्धमागधी

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

हिन्दी खड़ी बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। इससे विकसित अन्य बोलियाँ हैं– पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, ब्रजभाषा।

**12. 'अत:' शब्द का समानार्थी पहचानिए?**

(a) अन्यथा

(b) अतएव

(c) परिणामतः

(d) अस्तु

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**

<u>अत:</u> शब्द का शाब्दिक अर्थ <u>इसलिए</u> होता है, और अतएव, अत:, इसलिए कारण बोधक अव्यय के साथ समानार्थी की श्रेणी में भी आते हैं।

<u>अन्यथा</u> निषेध बोधक अव्यय है जिसका शाब्दिक अर्थ 'नहीं तो' है, जो नकारात्मक निपात के अन्तर्गत आता है।

<u>अस्तु</u> पर्याप्ति बोधक क्रिया-विशेषण अव्यय है।

<u>परिणामतः</u> का शाब्दिक अर्थ निष्कर्षतः होता है।

**13. 'अत्युक्ति' का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ है -**

(a) बकवास

(b) इधर-उधर

(c) चरमसीमा

(d) बढ़ा-चढ़ाकर कहना

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

'अत्युक्ति' का सर्वाधिक उपयुक्त अर्थ 'कोई बात बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कहना' होता है।

**14. 'मीनाक्षी' का अर्थ क्या होता है?**

(a) मोरनी

(b) मछली की तरह गोल आँखों वाली

(c) यमुना नदी

(d) पूनम की चाँदनी

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**

'मीनाक्षी' का अर्थ होता है जिसकी आँखें मीन (मछली) के आँख की तरह सुन्दर हों।

# उ.प्र. की प्रमुख बोलियां तथा हिंदी भाषा प्रयोग में होने वाली अशुद्धियां

1. भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को मान्यता कब प्रदान की गई?
(a) 14 सितम्बर, 1949
(b) 15 सितम्बर, 1949
(c) 14 सितम्बर, 1950
(d) 15 सितम्बर, 1950

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को 14 सितम्बर, 1949 को मान्यता प्रदान की गई।

2. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?
(a) भीलवाड़ा (b) दिल्ली
(c) वाराणसी (d) सूरत

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

वाराणसी एवं उसके आस-पास के क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है। काशिका बोली भोजपुरी का ही एक रूप है। इसमें हिन्दी, उर्दू एवं भोजपुरी के शब्द मिलते हैं।

3. 'ऊ हमरा के खेलही ना देत रहे' कहाँ की बोली है?
(a) राजस्थान
(b) ब्रज
(c) भोजपुरी
(d) ग्रामीण खड़ीबोली

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

प्रस्तुत पंक्ति में भोजपुरी बोली है। भोजपुरी बोली में सर्वनामों में मुख्यत: हम, हमरा, हमनी का, तोहार, तोहनी का, ओकर, हुनकर, इन्हकर, हे लोगन क, जउन, तउन, कउन, केऊ, आपन, रउआ का प्रयोग होता है।

4. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?
(a) शौरसेनी (b) पैशाची
(c) मागधी (d) अर्द्ध-मागधी

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

ब्रजभाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से हुआ है। ब्रजभाषा का शुद्ध रूप मथुरा, आगरा और अलीगढ़ जिलों में है। थोड़े-बहुत मिश्रण के साथ बरेली, बदायूँ, एटा, मैनपुरी, गुड़गाँव, भरतपुर, करौली, ग्वालियर तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में भी ब्रजभाषा बोली जाती है। ब्रजभाषा की मुख्य उपबोलियाँ पाँच है- मुक्सा, अन्तर्वेदी, भरतपुरी, डांगी एवं माथुरी या मथुरी।

5. इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली है–
(a) ब्रज (b) अवधी
(c) खड़ी बोली (d) भोजपुरी

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली अवधी है। अवधी बोली के अन्य क्षेत्र हैं–सीतापुर, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, प्रतापगढ़, फतेहपुर आदि।

6. 'कन्नड़' का सम्बन्ध किस भाषा परिवार से है?
(a) आर्य भाषा परिवार
(b) द्रविड़ भाषा परिवार
(c) देव भाषा परिवार
(d) भारोपीय भाषा परिवार

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

'कन्नड़' का सम्बन्ध द्रविड़ भाषा परिवार से है। द्रविड़ भाषा परिवार से सम्बन्धित अन्य भाषाएँ हैं–तमिल, तेलुगू, मलयालम। कन्नड़ भाषा कर्नाटक राज्य की राजभाषा है।

7. **'काजू' शब्द का सम्बन्ध किस भाषा से है?**

(a) जापानी भाषा

(b) चीनी भाषा

(c) फ्रांसीसी भाषा

(d) पुर्तगाली भाषा

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

'काजू' शब्द का सम्बन्ध पुर्तगाली भाषा से है। पुर्तगाली भाषा के हिन्दी भाषा में शामिल अन्य शब्द हैं—आलमारी, अचार, इस्पात, कमीज, गोभी, चाभी, तम्बाकू, बाल्टी, बिस्कुट, बटन आदि। UPSSSC ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) फ्रांसीसी भाषा माना है जो कि त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है।

8. **'हाड़ौती' बोली है-**

(a) पश्चिमी राजस्थान की

(b) पूर्वी राजस्थान की

(c) दक्षिणी राजस्थान की

(d) उत्तरी राजस्थान की

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

हाड़ौती भाषा पूर्वी व मध्य पूर्वी राजस्थान में बोली जाती है। यह बोली कोटा, बूंदी, शाहपुर व उदयपुर में बोली जाती है।

9. **गाजीपुर में बोली जाने वाली प्रमुख बोली है-**

(a) अवधी (b) भोजपुरी

(c) खड़ी बोली (d) बघेली

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

उ.प्र. में सर्वाधिक बोली जाने वाली बोली भोजपुरी है। पूर्वांचल के अधिकतर जिले में यह बोली प्रचलित है। सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया, वाराणसी इत्यादि जिलों में इसका प्रभुत्व है।

10. **भारतीय संविधान में किस भाषा को ''राजभाषा'' के रूप में स्वीकार किया गया है?**

(a) अंग्रेजी (b) उर्दू

(c) हिन्दी (d) तमिल

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राज भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।

11. **खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन-सा है?**

(a) कामायनी

(b) प्रिय प्रवास

(c) साकेत

(d) नीरजा

**UPSSSC सम्मिलित सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

प्रिय प्रवास प्रबन्ध काव्य अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की कीर्ति का आधार स्तम्भ है। इसमें 17 सर्ग हैं जिसमें श्रीकृष्ण के गोकुल से मथुरा जाने पर ब्रजवासी गोप-गोपियों और राधा की विरहानुभूति वर्णित है। संस्कृत के वर्णवृत्त एवं कोमल कान्त पदावली में लिखित ''प्रिय प्रवास'' खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य माना जाता है।

12. **छत्तीसगढ़ी किस भाषा की बोली है?**

(a) पश्चिमी हिन्दी (b) राजस्थानी

(c) बिहारी (d) पूर्वी हिन्दी

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत तीन बोलियाँ है- अवधी, बघेली तथा छत्तीसगढ़ी। पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत कौरवी, हरियाणवी, दक्खिनी, ब्रजभाषा, बुंदेली तथा कन्नौजी बोलियाँ आती हैं। राजस्थानी के अन्तर्गत मारवाड़ी, जयपुरी, मेवाती तथा मालवी और बिहारी के अन्तर्गत भोजपुरी, मगही एवं मैथिली बोलियाँ आती हैं।

13. **निम्न में से कौन-सी बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है?**

(a) छत्तीसगढ़ी

(b) मगही

(c) अवधी

(d) बघेली

**UPSSSC चकबंदी लेखपाल (सा.च.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत शामिल बोलियाँ हैं – अवधी, बघेली एवं छत्तीसगढ़ी। 'मगही' बोली पूर्वी हिन्दी में शामिल नहीं है बल्कि यह बिहारी हिन्दी की बोली है।

# हिन्दी/अंग्रेजी अनुवाद

1. पृष्ठांकन का अंग्रेजी अनुवाद होगा—
(a) Amendment (b) Verification
(c) Specimen (d) Endorsement
UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

'पृष्ठांकन का अंग्रेजी अनुवाद 'Endorsement' होगा। संशोधन का Amendment, सत्यापन का Verification और प्रतिरूप का अंग्रेजी अनुवाद Specimen होगा।

2. Affidavit का हिन्दी अनुवाद होगा—
(a) शपथ-पत्र (b) प्रस्ताव
(c) समायोजन (d) विवरण
UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

उत्तर—(a)

'Affidavit' का हिन्दी अनुवाद 'शपथ-पत्र' होगा। Resolution का प्रस्ताव, Adjustment का समायोजन और Description का विवरण हिन्दी अनुवाद होगा।

3. वाक्य में प्रयुक्त लोकोक्ति का उचित शाब्दिक अर्थ—
FRESH-BLOOD
(a) ताजा खून (b) स्वच्छ खून
(c) नया खून (d) साफ खून
UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III (सा. चयन) परीक्षा, 2016

उत्तर—(c)

FRESH-BLOOD लोकोक्ति का उचित शाब्दिक अर्थ नया खून होगा।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 4 से 6)—अंग्रेजी वाक्यांशों के सही हिन्दी अनुवाद का चयन करें।**

4. According to bijak cost works out ....at the market rate.
(a) बही के अनुसार बाजारू लागत मूल्य....आया है।
(b) बीजक के अनुसार बाजार दर के हिसाब से लागत...बैठती है।
(c) बाजारू कीमत....पड़ती है।
(d) बीजक....लागत कीमत बताता है।
UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर—(b)

उपर्युक्त अंग्रेजी वाक्यांश का सही हिन्दी अनुवाद है—'बीजक के अनुसार बाजार दर के हिसाब से लागत....बैठती है।

5. Arrangements are being made to ensure timely submission of report.
(a) समयानुसार रिपोर्ट की प्रस्तुति वांछनीय है।
(b) रिपोर्ट जारी करने में देरी न की जाय।
(c) व्यवस्था कीजिए कि रिपोर्ट प्रकाशित हो जाय।
(d) रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जा रही है।
UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

उपर्युक्त अंग्रेजी वाक्यांश का सही हिन्दी अनुवाद है—'रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने की व्यवस्था की जा रही है।'

6. Authorization letter with specimen signature of the bearer.
(a) वाहक के नमूना हस्ताक्षर वाला प्राधिकार-पत्र
(b) वाहक के नमूना हस्ताक्षर वाला अधिकार-पत्र
(c) वाहक द्वारा जारी किया गया प्राधिकार-पत्र
(d) नमूना हस्ताक्षर वाला अधिकार-पत्र
UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016

उत्तर—(a)

उपर्युक्त अंग्रेजी वाक्यांश का सही हिन्दी अनुवाद है—'वाहक के नमूना हस्ताक्षर वाला प्राधिकार-पत्र'।

7. भावयुक्त शुद्ध अनुवाद चुनिए-
'I was over-joyed'
(a) मैं उल्लिसित था। (b) मैं खुशी से ऊपर था।
(c) मेरा दिल बाग-बाग हो गया। (d) मेरी खुशी ज्यादा थी।
UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II परीक्षा, 2016

उत्तर—(c)

'I was over-joyed' का भावयुक्त शुद्ध अनुवाद 'मेरा दिल बाग-बाग हो गया' है। विकल्प (a) सही होता यदि उल्लिसित के स्थान पर उल्लसित होता।

8. Testimonial का हिन्दी अनुवाद है-
(a) अनुशंसा पत्र (b) प्रशंसा पत्र
(c) प्रमाण पत्र (d) परिचय पत्र
UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा, 2016

उत्तर—(c)

Testimonial का हिन्दी अनुवाद गवाही, प्रदान, प्रमाण-पत्र, भेंट, विवरण, उपहार, तथा शंसा पत्र होता है। इस आधार पर इस प्रश्न का अभीष्ट उत्तर प्रमाण-पत्र हुआ लेकिन UPSSSC ने अपने उत्तर प्रत्रक में इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) माना है।

9. अधिसूचना का अंग्रेजी अनुवाद है-
(a) Statement (b) Endorsement
(c) Enclosed (d) Notification
UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा, 2016

उत्तर—(d)

अधिसूचना का अंग्रेजी अनुवाद Notification है।